## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर 28 अक्टूबर तक मंगाए गए दावा-आपत्ति आवेदन

**रायगढ़।** विकासखंड लेलूंगा अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय लैलूंगा एवं मुकडेगा में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों पर गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों पर जांच उपरांत अनंतिम सूची कार्यालय एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदका को कोई आपत्ति हो तो वे आगामी 28 अक्टूबर 2024 तक दावा-आपत्ति आवेदन जमा कर सकते है।

### दो छात्रों की मौत पर सीएम साय ने जताया शोक

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** सुबह-सुबह टहलने निकले दो छात्रों की हाइवा के कुचले जाने से हुई मौत पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संवेदना जताई है। उन्होंने ट्वीट कर बच्चों के निधन की खबर को अत्यंत दुखद बताते हुए मृत बच्चों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए सहायता राशि देने के निर्देश दिए जाने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ट्वीट कर कहा कि धमतरी जिले के ग्राम सलोनी में सडक़ दुर्घटना में 2 बच्चों के निधन की खबर अत्यंत दु:खद है. इस दु:खद घटना में मृतकों के परिवारजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं. मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के साथ है। ईश्वर से दिवंगत बच्चों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। बता दें कि धमतरी जिले के ग्राम सलोनी में मॉर्निंग वॉक पर निकले दो छात्रों – योगेंद्र यादव और नीरज ध्रुव को रेत से भरे तेज रफ्तार हाइवा ने रौंद दिया था, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर अपना विरोध जताया था. ग्रामीणों को मनाने के लिए अधिकारी मौके पर पहुंचे थे।

### सड़क दुर्धटना में दो युवकों की मौत, एक घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** बालको थानांतर्गत शनिवार की रात जबरदस्त सडक़ हादसा में दो युवकों की मौत हो गई। एक बाइक में सवार होकर तीन युवक जा रहे थे कि बाइक अनियंत्रित होकर सडक़ से नीचे उतरकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो युवक की मौत हो गई वहीं तीसरा घायल है। ग्राम रुकबहरी में दशहरा के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसे देखने के लिए कुछ लोग मेहमान के रुप में आए हुए थे। उनके लिए ही तीनों खाने-पीने का सामान लेने जा रहे थे,तभी हादसा हो गया मृतकों के नाम विष्णु मंझवार और मोहन निर्मलकर हैं। घटना की सूचना डायल 112 और 108 संजीवनी एक्सप्रेस को दी गई,जिसके बाद तीनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। रविवार की सुबह दोनों मृतकों का पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। घटना से ग्राम रुकबहरी में शोक व्याप्त है।

### हाइवा ने स्कूटी सवार युवती को रौंदा

**भिलाई-रायपुर (आरएनएस)।** जुनवानी में आज दोपहर हुए एक दर्दनाक सडक़ हादसे में स्कूटी सवार युवती की मौत हो गई। इस युवती को मुरूम से भरे हाईवा नेचपेट में ले लिया। शंकराचार्य कॉलेज के नजदीक हुई घटना के बाद सडक़ पर जाम की स्थिति बन गई। लेकिन स्मृतिनगर पुलिस की टीम तत्काल वहां पहुंची और 112 कि मदद से मृतिका युवती दिलप्रीत कौर के शव को सुपेला अस्पताल स्थित मर्चुरी पहुंचाया। जुनवानी के ही दीनदयाल उपाध्याय कालोनी की रहने वाली 25 वर्षीय दिलप्रीत कौर स्कूटी में अपने भाई के साथ जा रही थी। इधर घटना के बाद स्मृति नगर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला और मामले की जांच में जुट गई है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि लापरवाही पूर्वक हाइवा चलाने वाले ड्राइवर को वाहन के साथ हिरासत में लिया गया है।

# तंत्र-मंत्र और दो भाइयों की मौत खुलासा, दोनों के शरीर से प्रेत आत्मा निकालने किया हवन! फिर दिया गया जहर

**रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ में लगातार जादू-टोना और तंत्र-मंत्र से हत्या व मौत की वारदातें सामने आ रही है। पहली घटना बलौदाबाजार, कसडोल थाना क्षेत्र के छरछेद गांव में 12 सितंबर को हुई। यहां पर जादू टोने के शक में एक परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई।

दूसरी घटना सुकमा जिले के कोंटा थाना क्षेत्र के एकताल गांव में हुई। यहां भी जादू-टोना के शक में एक ही परिवार के पांच लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इन दोनों घटनाओं से पूरा प्रदेश अभी संभला नहीं था कि इसी तरह की एक माह में तीसरी बड़ी वारदात छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के बाराद्वार थाना अन्तर्गत ग्राम लोहरकोट के आश्रित गांव तांदुलडीह में 17-18 अक्टूबर की रात में हुई। यहां छह लोगों का एक परिवार तंत्र-मंत्र के जाल में इस कदर फंस गया कि अपने ही दो भाईयों को जहर दे।

दोनों युवकों के पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ है कि दोनों को (फर्टिलाइजर) जहरीला पदार्थ दिया गया था। साथ ही दोनों युवकों के गले, शरीर में धुएं का अंश भी मिला है, इससे पुलिस आशंका जता रही है कि मौत से पहले घर में हवन किया गया, जिसके बाद दोनों को किसी चीज में जहर मिलाकर खिलाया गया। इससे दोनों की मौके पर तड़प-तड़प कर मौत हो गई। पुलिस ने मामले में हत्या का अपराध दर्ज किया है...

पुलिस और डॉक्टरों की निगरानी में पूछताछ पुलिस ने मामले में मृतक की बहन अमरीका बाई, चंद्रिका और भाई विशाल व उनकी बुजुर्ग मां किरीत बाई को हिरासत में लिया है। चारों से डाक्टरों की मौजूदगी में मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चारों अभी भी तंत्र मंत्र से उबर नहीं पाये है। पल भर में चारों सामान्य हो जाते है और कुछ ही देर में असामान्य होकर फिर से तंत्र-मंत्र और साधना के बारे में बाते करने लगते है।

चौकाने वाले खुलासे पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि घर की बड़ी बेटी अमरीका बाई द्वारा तंत्र-मंत्र किया जाता था। अमरीका पहले सामान्य ही थी। लेकिन कुछ समय से तंत्र-मंत्र में पढ़ कर अपने तीन भाइयों एक बहन और मां के साथ घर पर ही साधना करने लगी थी। बताया जा रहा है कि अमरीका बाई को शक था कि उसके दो भाई विक्रम और विक्की के अंदर प्रेत आत्मा आ गई है। इसी से छुटकारा दिलाने के लिए कुछ दिनों से घंटों-घंटों परिवार के साथ मंत्रों का जाप कर रही थी। घटना वाले दिन 17 अक्टूबर को भी पूरे परिवार के द्वारा साधना किया जा रहा था। अमरीका बाई द्वारा तंत्र-मंत्र पढ़ा जा रहा था और परिवार के बाकी लोग इन बातों को दोहरा रहे थे। घर के अंदर से आवाज सुन पडोसी भी डर गए काफी जोर-जोर से घर के अंदर से डरावनी आवाज आ रही थी। आस पड़ोस के लोग भी आवाज सुने और इसकी सूचना गांव के सरपंच को दिये। सरपंच ने बाराद्वार थाना को इसकी शिकायत की और मौके पर पहुंचे। 18 अक्टूबर शनिवार की सुबह जब घर के अंदर अजीबों गरीब नजारा देख सभी की आखें फ टी की फटी रह गई। घर के अंदर कमरे में दो युवक पड़े हुये थे। घर की तीन महिलाएं और एक युवक एक बाबा की फोटों के सामने मंत्रों का जाप कर रहे थे। पुलिस ने अचेत पड़े युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पूछताछ में पुलिस को कड़ी चुनौतियाँ पुलिस ने दोनों मृत युवकों के पोस्टमार्टम के आधार पर घर के चार अन्य लोगों को हिरासत में लिया है। चारों से पूछताछ में पुलिस को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चारों पूछताछ में कभी सामान्य तरीके से जवाब तो कभी असामान्य तरीके से जवाब दे रहे है। डॉक्टरों की मौजूदगी में पुलिस संदेहियों से पूछताछ कर रही है। जल्द ही मामले में एसपी अंकिता शर्मा खुलासा कर इसकी जानकारी मीडिया का देगी।

## त्रैमासिक परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ पालकों को किया गया सम्मानित

- संकुल छपोरा के सभी शालाओं में हुआ द्वितीय पीटीएम बैठक
- 360 बच्चों के पालकों के साथ सभी शिक्षक-शिक्षिका रहे उपस्थित

**रायगढ़**



राज्य शासन के निर्देशानुसार समस्त शासकीय शैक्षणिक संस्थानों में तिमाही परीक्षा के बाद पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसी कड़ी में द्वितीय पीटीएम विद्यालय स्तर पर 19 अक्टूबर को विकास खंड पुसौर अंतर्गत संकुल केंद्र छपोरा में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर दिनेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक मायाराम गुप्ता के विशेष सहयोग से समस्त शालाओं में एक ही समय एक ही दिन में पालक- शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यालय के शिक्षकों द्वारा पूर्व से ही अपने स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें कई विद्यालय के शिक्षकों ने स्वयं आमंत्रण कार्ड छपवाकर घर-घर जाकर पालकों के साथ-साथ शाला प्रबन्धन समिति के सदस्यों से संपर्क किया, तो कइयों ने सोशल मीडिया के माध्यम से बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार कर सभी को अवगत कराते हुए आमंत्रित किया गया। जिसका परिणाम रहा कि आज के पालक शिक्षक बैठक में सभी विद्यालयों में बड़ी संख्या में पालकों के साथ शाला प्रबन्धन समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही।

त्रैमासिक परीक्षा परिणाम के साथ-साथ बच्चों के अपार आईडी बनाने, जाति प्रमाण पत्र, शासन के विभिन्न योजनाओं/ गतिविधियों से अवगत कराना, कमजोर व अनुपस्थित बच्चों को लगातार संपर्क करना, पाठ्यक्रम पूर्णता पर चर्चा, मध्यान्ह भोजन योजना व गुणवत्ता पर चर्चा के साथ-साथ शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष रूप से फोकस करते हुए चर्चा किया गया। चर्चा उपरांत वर्तमान में ही संपन्न हुए त्रैमासिक परीक्षा परिणाम बताये गये एवं परीक्षा में सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ पालकों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें अन्य बच्चों व पालकों को भी प्रोत्साहन मिला तथा अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजते हुए अध्यापन कार्य में विशेष ध्यान देने हेतु पालकों द्वारा कही गई। इस तरह से संकुल केन्द्र छपोरा की सभी शालाओं में जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला कांदागढ़, देवलसुरा, झिलंगीटार, डीपापारा कांदागढ़, छपोरा तथा शासकीय माध्यमिक शाला देवलसुर्रा, कांदागढ़ व शासकीय माध्यमिक शाला छपोरा में शिक्षक-पालक बैठक आयोजन किया गया। जिसमें संकुल के 360 बच्चों के पालकों के साथ सभी शिक्षक-शिक्षिका भी उपस्थित रहे।

## नशीले पदार्थों की तस्करी मामले में 3 गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर के खमतराई पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, यह गिरफ्तारी रायपुर के रिंग रोड नंबर 2 के पास से की गई, जहां तस्कर नशीले पदार्थों की बिक्री में लिप्त थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर इन आरोपियों को धर दबोचा।

**भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद-** पुलिस की छापेमारी में 26 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया, जिसकी बाज़ार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। साथ ही, पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और पूरी तस्करी गैंग का पर्दाफाश करने के लिए आगे की योजना बना रही है। ऐसे में, खमतराई पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन तस्कर इलाके में नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, पुलिस अभी भी तलाशी अभियान चला रही है ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों को भी पकड़ा जा सके।

**बस्ती पुलिस भी कर रही छापेमारी-** इसके अलावा, बस्ती थाना पुलिस भी इस मामले में सक्रिय है और नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए काम कर रही है। बता दें कि, पुलिस का कहना है कि तस्करों ने नशीले सिरप को भी अवैध रूप से बेचने का काम किया है, जिसे जांच में शामिल किया जा रहा है।

## 100 किलो की दर पर बिक रहा सीताफल

**कोरबा । आरएनएस**



शरद ऋतु में अधिक मात्रा में उत्पादित और उपयोग करने वाला सीताफल कोरबा क्षेत्र में 100 प्रति किलो की दर पर लोगों को उपलब्ध है। हालांकि यह ऐसा पहला मौका नहीं है जब सीताफल की दरें इस कदर ऊंचाई पर पहुंची है। फेस्टिवल सीजन में फल की आवक शुरू होने के साथ विक्रेता वर्ग अपने हिसाब से इसकी कीमत है कर रहा है क्योंकि वह जानता है कि कोरबा में इस तरह की चीजों को बढिया आसानी से आप खपा सकते हैं।

कोरबा जिले के कुछ ही गांव में सीताफल की पैदावार होती है जबकि इसकी आवक का अधिकतम निर्धारण गौरेला पेंड्रा क्षेत्र से हुआ करता है। वर्तमान में कोरबा शहर के कई ऐसे बिंदु बने हुए हैं जहां पर लोगों को सीताफल देखने को मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र से सीमित मात्रा में इस फल को लेकर आने वाले लोगों ने अब तक की स्थिति में प्रति किलो 100 कीमत फिक्स कर रखी है। कीमत के मामले में समझौते जैसी स्थिति फिलहाल नहीं बन रही है। बताया गया कि कीमत ज्यादा होने से बिक्री सामान्य रूप से हो रही है। चिकित्सक बताते हैं कि सीताफल में कई प्रकार के गुण शामिल है जैसे खास बनाते हैं और इस ऋतु में इसका उपयोग करने से कई प्रकार के लाभ शरीर को होते हैं।

## अनोखा चोर जो चुराता है महिलाओं के कपड़े, साड़ी-ब्लाउज व पेटीकोट तक करता था पार

**जशपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने एक ऐसे चोर को पकड़ा है जो धन दौलत नहीं बल्कि महिलाओं के कपड़े चुराता है। पिछले चार साल से युवक महिलाओं की साड़ी, ब्लाउज, पेटीकोट व अन्य कपड़ों पर हाथ साफ करता और उन्हें पहनकर नाचता था। युवक ने बीते दिनों एक कृषि अधिकारी के घर पर सात नई साडिय़ां चोरी की और इसके बाद इस मामले की शिकायत पुलिस तक पहुंची। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में जो बात सामने आई यह जानकर पुलिस भी हैरान परेशान है। आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) के तहत कार्रवाई की गई।

दरअसल 18 अक्टूबर को नारायणपुर थाना पहुंचकर ग्राम रानीकोम्बो निवासी सलिल कुजूर ने बताया कि वह ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ है। 12 अक्टूबर 2024 को अपनी पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने पर इलाज के लिए बाहर लेकर गया था। शुक्रवार की शाम अपने क्वार्टर में आकर देखा तो दरवाजे के बाहर लगा ताला टूटा हुआ था। अन्दर जाकर देखा कि अलमारी में रखे 7 साडिय़ां अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर उक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान मुखबिर से पता चला कि इस तरह की साड़ी चोरी का आरोपी ग्राम चिटकवाईन का रहने वाला इमिल तिर्की हो सकता है। सूचना पर तत्काल दबिश देकर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया, पूछताछ में उसके द्वारा उक्त घटना दिनांक को प्रार्थी के क्वार्टर का ताला तोडक़र 07 नग साड़ी की चोरी करना स्वीकार किया एवं उसके कब्जे से चोरी किया हुआ 07 नग साड़ी को जब्त किया गया है।

आरोपी इमिल तिर्की से पूछताछ करने पर बताया कि वह विगत 4 वर्ष से गांव-गांव जाकर घरों के बाहर सूख रहे महिलाओं के कपड़े जैसे- साड़ी, पेटीकोट, ब्लाउज व अन्य कपड़े चोरी करता है। उन कपड़ों को पहन कर खूब नाचता है। चुंकि साड़ी ब्लाउज, पेटीकोट व अन्य कपड़ों की चोरी के कारण किसी ने भी इन चार सालों में शिकायत नहीं दर्ज कराई इसलिए यह अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी नारायणपुर उप निरीक्षक सतीश सोनवानी, प्रधान आरक्षक अनानियुस टोप्पो विरेन्द्र भगत का योगदान रहा है।

## हाथी-मानव द्वंद : मुख्यमंत्री से फसल मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग

**रायपुर । आरएनएस**

हाथियों और वन्यजीवों के लिए कार्यरत प्रदेश के नामी एन.जी.ओ. और वन्यजीव प्रेमियों ने मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि हाथियों से प्रभावित फसलों की वर्तमान में निर्धारित मुआवजा राशि रुपये 9 हजार से बढ़ाकर रुपये 50 हजार प्रति एकड़ की जाए, इससे किसानों और ग्रामीणों की नाराजगी कम होगी और फसल बचाने जाते वक्त अचानक हुए हमलों से होने वाली जनहानि में भी कमी आएगी।

हाथियों से फसल नुकसान बचाने के लिए किसान खेतों में सोने नहीं जायेंगे। इससे हाथी मानव द्वंद कम होगा। 50 हजार की दर से भुगतान करने पर किसान अपनी जान जोखिम में डाल कर फसल बचाने हाथी का सामना नहीं करेंगे और ना ही हाथियों को परेशान कर भगाने का प्रयत्न करेंगे, जिसमे जन हानि हो जाती है। कुछ किसान कई बार हाथी सहित अन्य वन्यप्राणियों से फसल बचाने के लिए तार में बिजली प्रभावित कर देते है, जिससे हाथी और अन्य वन्यप्राणि ही नहीं बल्कि ग्रामीणों की मृत्यु की भी घटनाएं बढ़ रही है।

2016 की दरों पर दिया जा रहा है हाथी से फसल हानि का मुआवजा एन.जी.ओ. नोवा नेचर वेलफेयर सोसाईटी रायपुर के एम.सूरज, नव उत्थान संस्था अंबिकापुर के प्रभात दुबे, नेचर बायोडायवर्सिटी एसोसिएशन बिलासपुर के मंसूर खान, पीपल फॉर एनिमल्स रायपुर यूनिट-2 रायपुर की कस्तूरी बल्लाल, रायपुर के वन्यजीव प्रेमी गौरव निहलानी और नितिन सिंघवी ने संयुक्त लिखे पत्र में बताया गया है कि वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट के अनुसार छत्तीसगढ़ में देश के 1 प्रतिशत हाथी है जबकि हाथी मानव द्वन्द से जनहानि की दर 15 प्रतिशत से अधिक है। वर्तमान में प्रचलित, हाथियों द्वारा फसल हानि की क्षतिपूर्ति की दर 8 वर्ष पहले 2016 में, तत्कालीन दरों से रुपए 9 हजार प्रति एकड़ निर्धारित की गई थी। वर्ष 2016 में धान की मिनिमम सेल्लिंग प्राइस अर्थात एम.एस.पी. रुपए 1410 प्रति क्विंटल थी। छत्तीसगढ़ में धान की सरकारी खरीदी दर बढ़ कर 2024 में रुपए 3100 प्रति क्विंटल हो गई है। तुलना करने पर रुपए 1410 से 120 प्रतिशत बढ़ कर 2024 में 3100 प्रति क्विंटल हो गई है। किसानों को फसल हानि की क्षतिपूर्ति तब ही दी जाती है जब कम से कम 33 प्रतिशत का नुकसान हुआ हो।

क्यों दी जाए 50 हजार की हाथी से फसल हानि क्षतिपूर्ति किसानों से सरकार 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदती है।

## महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों का वित्तीय समावेशन एवं सुकन्या समृद्धि योजना के खाता खोलने हेतु लगाया गया शिविर, शिविर में महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य जांच, बड़ी संख्या में महिलाएं हुई लाभान्वित

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों का वित्तीय समावेशन एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाता खोले जाने हेतु सभी ब्लॉक मुख्यालय एवं परियोजना मुख्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एल.आर. कच्छप ने बताया कि शिविर में महतारी वंदन योजना अंतर्गत जिले के 540 हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरण नहीं होने के संबंध में चिन्हांकित हितग्राहियों का शिविर में पृथक से खाता खोलकर उनके खाता को आधार से लिंक कराया गया। इसी तरह सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं का खाता खोला गया। साथ ही शिविर स्थल में स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। इसी तरह परियोजना खरसिया में आयोजित शिविर में महतारी वंदन योजना अंतर्गत जिन्हें एक भी किश्त प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें बुलाया गया और समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर स्थल में सुकन्या समृद्धि योजनान्तर्गत 10 हितग्राहियों का खाता खोला गया।

**सभी योजना में सर्वाधिक ब्याज दर सुकन्या समृद्धि योजना**

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिले के 10 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं का खाता पोस्ट ऑफिस या बैंक पर खोला जा सकता है। इस योजना अंतर्गत सभी योजनाओं में सर्वाधिक ब्याज दर 8.2 प्रतिशत है। खाता न्यूनतम 250 रुपए से खोला जा सकता है एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 1000 व अधिकतम डेढ़ लाख रुपए की राशि जमा की जा सकती है। बेटी की उम्र 18 वर्ष होने पर जमा राशि का 50 प्रतिशत व बेटी की शिक्षा अथवा शादी के लिए निकाल सकते हैं। खाता खोलने के लिए किसी भी डाकघर या बैंक में बालिका का जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता का फोटो पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र देते हुए खाता खुलवाया जा सकता है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोलकर राशि जमा करने वाले पालकों को आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 अंतर्गत आयकर में छूट का प्रावधान है।

जिले के आधिकारिक बालिकाओं को लाभ दिलाने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास ने अपने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। योजना से सभी 10 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को लाभ दिलाने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सेंट जेवियर स्कूल, महर्षि विद्यालय, इंडियन पब्लिक स्कूल, द्रोणाचार्य विद्यालय, किरोड़ीमल विद्यालय, कार्मेल स्कूल तथा शालिनी विद्यालय की प्रधानाचार्य से भेंट कर विद्यालय के 10 वर्ष से कम उम्र के सभी बालिकाओं का खाता खोलने का अनुरोध किया गया है तथा डाक विभाग एवं बैंकों से समन्वय कर अधिक से अधिक खाता खोलने का अनुरोध किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अत: शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU